Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to start 5-6 city buses from Firozabad to Kathfori & Tundla to Palam for the easy movement of people.

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के लोक सभा संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद से चुन कर आया हूं । फिरोजबाद की आबादी 50 लाख है । यहां के बाशिंदे, व्यापारी, किसान, मजदूर, स्कूल के बच्चे-बच्चियां, सभी लोग आवागमन की व्यवस्था से बहुत परेशान हैं । लोक सभा संसदीय क्षेत्र, फिरोजाबाद की लंबाई लगभग 80 किलोमीटर तथा चौड़ाई लगभग 60 किलोमीटर है, लेकिन वहां आने-जाने की सुचारू व्यवस्था नहीं है । फिरोजाबाद टूण्डला से कठफोरी व टूण्डला से पालम तक पांच-छ: सिटी बसें चला दी जाएं, तो आवागमन की व्यवस्था सुचारू हो जाएगी ।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से गुजारिश करता हूं कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि फिरोजबाद, लोक सभा संसदीय क्षेत्र में आवागमन की व्यवस्था यथाशीघ्र चुस्त-दुरुस्त करे, ताकि वहां के बाशिंदे अपने नारकीय जीवन से बाहर आएं तथा संभ्रान्त नागरिकों की तरह अपना जीवन यापन करें ।